स्टेशन से निकलकर दाहिने मुड़िए। थोड़ी दूरी पर बायें हाथ पर एक तंग गली आएगी। इस गली में मुड़ना । आगे चलकर एक चौड़ी सड़क आएगी जिसे "चंद्रशेखर आज़ाद रोड" कहते हैं। बाएँ मुड़कर और सड़क को पार करके आप चलते जाएँ दाहिने हाथ पर स्कूल दिखाई देगा। इसके बाद आप दाहिने मुड़िए । इस सड़क का नाम मुझे याद नहीं लेकिन बायें हाथ पर सिनेमा दिखाई देगा। फिर थोड़ी दूर जाकर एक दूसरी बड़ी सड़क आएगी जिसे शायद "नई सड़क" कहते हैं। बाएँ मुड़िए। फिर गोलचक्कर आएगा । गोलचक्कर के उस पार आपका मधुबन होटल दिखाई देगा।

स्टेशन से मधुबन होटल ज़्यादा दूर नहीं है। मुश्किल से आठ-दस मिनट का रास्ता है। अगर आपके पास बहुत सामान हो तो बेहतर है कि आप रिक्शा लें । रिक्शेवाले । से कहें कि होटल "एम० जी० रोड" पर है। वह तीन सौ रुपये लेगा। आप उसे चार सौ से ज़्यादा न दें।

1- **Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.**